## राजकाज

### बाल शोषण रोके जाने से संबंधित अभियान में बोले देवनानी

# भारतीय संस्कृति से जुड़े उदात्त जीवन मूल्यों को अपनाने की जरूरत

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। शिक्षा राज्यमंत्री वासुदेव देवनानी ने कहा है कि विश्वभर में आज भारतीय संस्कृति से जुड़े उदात्त जीवन मूल्यों को अपनाए जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में बच्चों को भगवान तुल्य माना गया है जबकि विदेशों में मां-बाप अपने बच्चों को अपने से दूर रखते हैं। इसी से वहां बाल यौन शोषण और बच्चों के विरुद्ध सर्वाधिक अपराध होते हैं। उन्होंने कहा कि भौतिकता की अंधी दौड़ और पाश्चात्य जीवन शैली के कारण हमारे यहां भी पिछले कुछ समय के दौरान विकृतियां आई हैं। इन्हें दूर करने के लिए सामुहिक स्तर पर प्रयास किए जाने की जरूरत है।

उन्होंने बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों को रोके जाने के लिए परिवारों, समाज और विद्यालयों में जागरूकता चलाए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में विद्यालय पाठ्यक्रम में संस्कार निर्माण पर इसीलिए जोर दिया गया है कि पारंपरिक भारतीय जीवन मूल्यों को सहेजते हुए सामाजिक बुराईयों का उन्मूलन किया जा सके। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में बच्चों पर हिंसा और उनके खिलाफ अपराध जघन्य पाप माना गया है। इस संबंध में जन जागरूकता अभियान चलाए जाने की जरूरत है। देवनानी बुधवार को यहां जवाहर सर्किल स्थित एक होटल में यूनिसेफ की भागीदारी से वर्ल्ड विजन इंडिया द्वारा बाल शोषण को रोके जाने से संबंधित



अभियान की शुरुआत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बाल यौन शोषण के मामले जितने विदेशों में होते हैं उतने भारत में नहीं होते। उन्होंने वर्ल्ड विजन संस्था और ऐसी ही दूसरी संस्थाओं को भारतीय संस्कृति और परंपराओं की गहराई में जाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति जीवन के उदात्त मूल्यों से जुड़ी है।

शिक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि राजस्थान की आधी आबादी बच्चों की है। बाल अधिकारों के संरक्षण के साथ ही जरूरत इस बात की भी है कि बच्चों के मनोविज्ञान को समझते हुए उनके सुरक्षित और बेहतर भविष्य के लिए कार्य किया जाए। उन्होंने वर्ल्ड विजन संस्था द्वारा बाल संरक्षण के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत भी भारतीय संस्कृति से जुड़े सरोकारों पर अधिक ध्यान दिए जाने पर जोर दिया।

समारोह में वर्ल्ड विजन संस्था द्वारा बच्चों के विरुद्ध शोषण को रोके जाने के संबंध में परिसंवाद का भी आयोजन किया गया। इसमें बताया गया कि बाल यौन शोषण के बारे में चुप्पी तोड़ने के लिए समग्र अभियान तैयार किया गया है। यूनिसेफ के राजस्थान प्रमुख इसाबेल बर्डमैन ने कहा कि हिंसा बच्चों को प्रभावित करने का बड़ा मुद्दा है। इसी से बाल मानवाधिकारों का हनन होता है। वर्ल्ड विजन संस्थान के साथ मिलकर यूनिसेफ देश के जिलों और गांवों में बच्चों के लिए हिंसामुक्त वातावरण बनाए जाने का कार्य करेगा।

शिक्षा राज्य मंत्री देवनानी ने इस अवसर पर राजस्थान राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा प्रकाशित 'हमारा बचपन' पुस्तिका का लोकार्पण भी किया। बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष मनन चतुर्वेदी ने बताया कि इसमें बाल अधिकारों की देखभाल एवं उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए हो रहे प्रयासों, बाल संरक्षण कानून, राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में किए जा रहे कार्यों पर विस्तार से जानकारी दी गई है।

# छात्रावासों और आवासीय विद्यालयों, बालगृहों के लिए सुरक्षा गाईड लाइन होगी जारी

### सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री चतुर्वेदी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने प्रदेश में विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों, आवासीय विद्यालयों,



संप्रेषण गृहों, बाल शिशु गृहों व अन्य संस्थानों में बच्चों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सुरक्षा गाईड लाइन के आदेश जारी करने के लिए विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डॉ. चतुर्वेदी ने गुरुग्राम में रायन इंटरनेशनल स्कूल में हुए घटित घटना को गंभीरता से लेते हुए निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी छात्रावासों, आवासीय विद्यालयों, बालिका गृहों, शिशु गृहों, संप्रेषण गृहों में सुरक्षा के प्रति किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए बच्चों की सुरक्षा के मानक तय कर सभी जिला अधिकारियों, छात्रावास अधीक्षक, संप्रेषण गृह प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डॉ. चतुर्वेदी ने ब्लू व्हेल वेबसाइट से दूर रहने के लिए छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों के बच्चों में संवाद स्थापित कर जागरूकता कार्यक्रम भी चलाने के निर्देश दिए।

## अंबेडकर पीठ में 7 करोड़ की लागत से बनेगा छात्रावास

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने बुधवार को अंबेडकर भवन में बताया कि मुख्यमंत्री घोषणा के अनुसार मूंडला में स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर पीठ परिसर में 7 करोड़ रुपए की स्वीकृति जारी की जा चुकी है तथा नक्शे अनुमोदनार्थ भिजवाए गए हैं।

डॉ. चतुर्वेदी बुधवार को अंबेडकर भवन में डॉ. भीमराव अंबेडकर पीठ में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों की महानिदेशक केएल बैरवाल के साथ बैठक करने के दौरान यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि अंबेडकर पीठ में उच्च स्तरीय ई- लाईब्रेरी स्थापित की जाएगी जिसे देश की अच्छी लाईब्रेरियों से लिंक किया जाएगा। लाईब्रेरी में बाबा साहेब के जीवन से जुड़े विभिन विषयों पर शोध किया जा सके।

डॉ. चतुर्वेदी ने महानिदेशक को अंबेडकर पीठ में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने के लिए विशेषज्ञों की टीम तैयार करने तथा वहां पर युवाओं को कौशल, आजीविका, नवाचार, उद्यमिता एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन देने के लिए शीघ्र कार्य शुरू कराने की कार्य-योजना तैयार करने के निर्देश दिए।

## विजयदशमी पर आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्थाओं के निर्देश

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ महाजन ने विजयदशमी (दशहरा) पर आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने



के लिए पुलिस, नगर निगम एवं अधीक्षक, सवाई मानसिंह चिकित्सालय सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं।

दशहरा पर्व पर जयपुर के नगरीय क्षेत्र में आदर्शनगर, शास्त्रीनगर, वैशाली नगर, विद्याधर नगर, गांधीनगर, मानसरोवर, मालवीय नगर, सांगानेर, चित्रकूट स्टेडियम व रामलीला मैदान न्यू गेट आदि स्थानों पर रावण दहन और मेलों का आयोजन होता है। महाजन ने इन आयोजनों के मद्देनजर मेला स्थलों पर सुरक्षा, यातायात एवं समुचित पार्किंग व्यवस्था के साथ-साथ अग्निशमन, चिकित्सा, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, साफ सफाई, रोशनी की व्यवस्था, और यहां आने वाले लोगों की सुविधा की दृष्टि से अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं करने के लिए पुलिस उपायुक्त (उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम एवं यातायात), पुलिस अधीक्षक जयपुर (ग्रामीण), नगर निगम के आयुक्त, पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता (नगर व ग्रामीण), सीएमएचओ प्रथम एवं द्वितीय तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी को आवश्यक निर्देश जारी किए है। जिला कलेक्टर ने उप नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा, जयपुर को संबंधित विभागों से समन्वय रखने के निर्देश दिए।

## जिला प्रभारी मंत्री की बैठक स्थगित, 20 सितम्बर को होगी

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। गृहमंत्री एवं जयपुर जिले के प्रभारी गुलाबचंद कटारिया की अध्यक्षता में गुरुवार को होने वाली बैठक स्थगित कर दी गई है। यह बैठक अब 20 सितम्बर को प्रात: 11 बजे होगी। जिसमें सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

## जिला जन अभाव अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक आज

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की मासिक बैठक गुरुवार, को प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट के सभागार में होगी।

बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरणों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय विशेष योग्यजन पंजीकरण अभियान

## 14 विशेष शिविर आज आयोजित

### नगर-निगम में वार्ड वार शिविरों में आधार, भामाशाह और दिव्यांग पंजीयन जारी

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। जिला प्रशासन के निर्देश पर जयपुर नगर-निगम क्षेत्र में पं. दीनदयाल उपाध्याय विशेष योग्यजन चिह्नीकरण-पंजीकरण अभियान के तहत बुधवार को आयोजित शिविरों में 39 ई-मित्र संचालकों (लोकल सर्विस प्रोवाईडर्स) एवं 10 आधार आपरेटर्स के माध्यम से मौके पर दिव्यांगों के पंजीयन से संबंधित कार्यवाही की गई। गत तीन दिनों से चल रहे वार्ड वार विशेष शिविरों में दिव्यांगों के पंजीकरण के साथ-साथ मौके पर ही उनके आधार कार्ड एवं भामाशाह पंजीयन की व्यवस्था भी की गई है।

जिला कलेक्टर सिद्धार्थ महाजन ने बताया कि बुधवार को आयोजित विभिन्न शिविरों में दिव्यांगजनों के 128 आधार पंजीयन व 69 भामाशाह पंजीयन के साथ ही अभियान के तहत 311 दिव्यांगों के पंजीयन की कार्यवाही की गई।

महाजन ने बताया कि गुरुवार को आमेर जोन के वार्ड संख्या 90 के लिए तेजाजी की बगेची, सामुदायिक केन्द्र, जयसिंहपुरा खोर, हवामहल जोन (पश्चिम) के वार्ड 78 के लिए सामुदायिक केन्द्र, माउंट रोड, मोतीडूंगरी जोन में वार्ड 59 के लिए राजेन्द्र मार्ग, बापूनगर, मानसरोवर जोन में वार्ड 33 के लिए पुराना पंचायत घर भांकरोटा व वार्ड 42 के लिए सामुदायिक केन्द्र वरुण पथ, हवामहल जोन (पूर्व) में वार्ड 69 के लिए सामुदायिक केन्द्र, बैरवा बस्ती, तोपखाना तथा वार्ड 70 के लिए फायर स्टेशन घाटगेट, सांगानेर जोन में वार्ड 46 के लिए सामुदायिक केन्द्र,कल्याण नगर में शिविर लगेगा।

## जिला बार एसोसिएशन ने किया राजस्व मंडल अध्यक्ष का स्वागत

**महानगर संवाददाता**

जयपुर। राजस्व मंडल के अध्यक्ष वी. श्रीनिवास से बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मुलाकात की। श्रीनिवास के साथ बातचीत में बार पदाधिकारियों ने राजस्व मामलों के संबंध में अपने विचार और सुझाव साझा किए। बाद में राजस्व मंडल अध्यक्ष का कलेक्ट्रेट स्थित जिला बार एसोसिएशन के कार्यालय में सम्मान किया गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सुनील शर्मा, महासचिव गजराजसिंह राजावत, सचिव संजय व्यास, संयुक्त सचिव धर्मेन्द्र चतुर्वेदी, उमेश पुरोहित, संजय शर्मा का स्वागत किया गया।

# गुड गवर्नेंस में राजस्व प्रशासन की अहम भूमिका : श्रीनिवास

**महानगर संवाददाता**

जयपुर, 13 सितम्बर। राजस्व मंडल के अध्यक्ष वी. श्रीनिवास ने कहा है कि गुड गवर्नेंस में राजस्व प्रशासन की बेहद अहम भूमिका है, शासकीय तंत्र को जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप सशक्त बनाने में राजस्व तंत्र लम्बे समय से अपना योगदान दे रहा है। वी. श्रीनिवास बुधवार को जयपुर के जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राजस्व अधिकारियों का आह्वान किया कि वे कठोर परिश्रम, प्रतिबद्धता और गर्व के साथ अपने 'टास्क' पर फोकस करते हुए गवर्नेंस में अपना योगदान दे।

बैठक में प्रदेश में राजस्व प्रशासन के मुखिया वी. श्रीनिवास ने 30 वर्ष



से अधिक के अपने प्रशासकीय अनुभव और संस्मरणों को नई पीढ़ी के अधिकारियों के साथ साझा किया। उनको कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करते हुए कुशलता के साथ दायित्व निर्वहन के लिए गुर भी सिखाए। जिले में राजस्व प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर सिद्धार्थ महाजन की कार्यकुशलता का उल्लेख किया और अधिकारियों की हौसलाअफजाई करते हुए अपने प्रेरणास्पद उद्बोधन से सभी में ऊर्जा का संचार किया। राजस्व मंडल अध्यक्ष ने कहा कि लैंड रिकार्ड्स लोगों की परमानेंट आईडेंटिटी है, इनके माध्यम से उनके खातेदारी अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए तहसीलदार इसको अपडेट रखें। उन्होंने कहा कि 'लैंड रिकार्ड्स' का 'डिजिटाईजेशन' हो रहा है, भविष्य में इसका सब रजिस्ट्रार एवं तहसील ऑफिस के साथ लिंकेज हो जाएगा। अधिकारी

## जयपुर जिला कलेक्ट्रेट में बैठक

डिजिटाईजेशन के मर्म को आत्मसात कर मुस्तैदी से कार्य करेंगे तो उनकी कार्य क्षमता में निखार आएगा, साथ ही और अधिक बेहतर परिणाम सामने आएंगे। श्रीनिवास ने कहा कि कहा कि राजस्व प्रकरणों की टाइमलाईन को कम करने को चुनौती बताते हुए कहा कि उपखंड मजिस्ट्रेट प्रति सप्ताह 3 दिन एवं सहायक कलेक्टर सप्ताह के पांचों दिन न्यायालयों में अपना पूरा समय दें।


Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd.

ई-निविदा सूचना सं0 162/2017-18

निम्नलिखित कार्यो के लिए केन्द्र/राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों द्वारा पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रकिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है:-

| क. स. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) |
|---|---|---|
| 1. | Various Development works at Staduim,Shahpura District, Jaipur. | 44.50 Lacs |
| 2. | Construction of remaining Boundary Wall at KVK,Sirohi (Exl.cost of cement) | 30.00 Lacs |
| | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अवधि दिनाक 12.09.2017 से 05.10.2017 सायं 6.00 बजे तक | |

निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in तथा www.rsrdc.com पर देखा जा सकता है । इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। UBN (1) RRC1718WSOB00342 (2)RRC1718WSOB00338

महाप्रबंधक